कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
बी–192,आवास विकास कालोनी, हरदोई।
दूरभाष सं0 05852–223112, eehardoi@yahoo.com

पत्रांक : 4699 / बी-3 / 45 दिनांक : 31/8/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :– **दैनिक भास्कर न्यूज पेपर में प्रकाशित खबर ''माधौगंज में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन फटी/ग्रामीणों ने ठेकेदार पर धांधली का आरोप लगाया, कार्रवाई की मांग'', के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर न्यूज पेपर में प्रकाशित खबर ''माधौगंज में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन फटी/ग्रामीणों ने ठेकेदार पर धांधली का आरोप लगाया, कार्रवाई की मांग'', शीर्षक का सदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें। उपरोक्त खबर जनपद–हरदोई के विकास खण्ड माधौगंज की सोहार ग्राम समूह पेयजल योजना से संबंधित है। उक्त की स्थलीय जांच खण्ड के जूनियर इंजीनयर द्वारा करायी गयी जिसकी आख्या निम्नवत है:–

| प्रकाशित खबर | खण्ड की आख्या |
|---|---|
| माधौगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत बैढैयाखेड़ा में केंद्र सरकार की ''जल जीवन मिशन'' योजना के तहत बिछाई गई पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। गांव में जगह–जगह से पाइपलाइन फटने और जोड़ खुलने के कारण हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है।<br>पंचायत भवन के पास बिछाई गई यह पाइपलाइन लगातार क्षतिग्रस्त हो रही है। इससे प्रतिदिन हजारों लीटर स्वच्छ पेयजल बर्बाद होने के साथ–साथ गलियों और रास्तों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। | उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम (फेज–3) के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद द्वारा विकास खण्ड माधौगंज की सोहार ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत 1 नग अवर जलाशय, 1 नग पम्प हाउस, 1 नग 1 नग सोलर पैनल, 1 नग बाउण्ड्री बॉल, 848 नग एफ0एच0टी0सी0 एवं 19.241 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष 1 नग पम्प हाउस, 1 नग 1 नग सोलर पैनल, 1 नग बाउण्ड्री बॉल, 823 नग एफ0एच0टी0सी0 एवं 19.052 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन एवं 1 नग अवर जलाशय (स्लैब लेवल तक) के कार्य पूर्ण करा लिये गये है। शेष कार्य प्रगति पर है।<br>ग्राम पंचायत बैढैयाखेड़ा के संबंध में अवगत कराना है कि ग्राम बैढैयाखेड़ा, सोहार ग्राम समूह पेयजल योजना में सम्मिलित है, शिकायत के संबंध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड माधौगंज की सोहार ग्राम समूह पेयजल योजना टेस्टिंग फेज में है, योजनान्तर्गत डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से पाइप लाइन की टेस्टिंग की जा रही है। टेस्टिंग के दौरान पाइप लाइन में हुये लीकेज को तत्समय मरम्मत कर दिया जाता है। |

अतः महोदय उपरोक्त आख्या आपकी सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नक:– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

(मनीष गंगवार)
अधिशासी अभियन्ता

पृष्ठसं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपित–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) महोदय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. जिलाधिकारी महोदय, हरदोई।
4. संबंधित सहायक अभियन्ता / अवर अभियन्ता।
5. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0लि0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित की उक्त योजनान्तर्गत शेष कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता